लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 06 September 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि: इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए पंजीकरण का कल अंतिम मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग संकाय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराने का बृहस्पतिवार को अंतिम अवसर है। ऐसे में जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण करवा सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने जईई मेंस या सीयूईटी प्रवेश परीक्षा दी है, वही पंजीकरण के अर्ह होंगे।

कॉलेजों को तय अवधि में लेने होंगे दाखिले

लखनऊ। लविवि से संबद्ध कॉलेजों को तय अवधि में दाखिला प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए विवि प्रशासन लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (लर्न) का पोर्टल जल्द ही बंद करेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

12 घंटे में डीएसडब्ल्यू पद पर नई तैनाती

लखनऊ। लविवि में सोमवार को 12 घंटे बाद ही अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) की नई पूर्णकालिक तैनाती कर दी गई। कुलपति के निर्देश पर जारी यह आदेश कैंपस में चर्चा का केंद्र रहा। नई डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू ने तत्काल चार्ज भी ले लिया। रविवार को ही प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने इसका चार्ज संभाला था। (संवाद)

बीपीएड, डीफार्मा की सीटें आवंटित

लखनऊ। लविवि में बीपीएड पाठ्यक्रम का पहला और डीफार्मा का सातवां सीट आवंटन जारी कर दिया गया। जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, उन्हें सात सितंबर तक फीस जमा करनी होगी। (संवाद)

LU: परीक्षा कॉम्प्लेक्स के लिए ज़मीन चिह्नित

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू ने परीक्षा कॉम्प्लेक्स के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। परिसर में स्थित एक जर्जर बिल्डिंग तोड़कर कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। इससे परीक्षा से जुड़े सभी काम एक ही छत के नीचे होने से काफी सुविधा होगी।

विवि के पिछले हिस्से में मिलनी पार्क चौराहे के पास स्थित एक वंगला खंडहर में तब्दील हो चुका है। शिक्षकों को आवंटित होने वाला वंगला जर्जर होने के चलते कुछ समय से खाली पड़ा है। अब इसी के जगह नए भवन निर्माण की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार 23.11 करोड़ की लागत से चार मंजिला कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। कार्यदायी संस्था भी लगभग तय हो गई है। मिट्टी परीक्षण के वाद आगे का काम शुरू होगा। माना जा रहा है कि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय अगले माह शिलान्यास कर सकते हैं।

विवि के पिछले हिस्से में स्थित जर्जर बिल्डिंग तोड़कर बनेगी नई इमारत

NBT PAGE 7

'संस्थान का दिल हैं संकाय सदस्य'

लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में 101 पूर्व शिक्षकों की तस्वीरों के संग्रह का अनावरण

■ एनबीटी सं., लखनऊ

हमारे संकाय सदस्य संस्थान का दिल हैं। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को इंजिनियरिंग संकाय के विश्वकर्मा सभागार में शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह के दौरान कही। इस मौके पर रसायन विज्ञान विभाग में 101 संकाय सदस्यों की तस्वीरों के संग्रह का अनावरण हुआ। इसमें स्थापना के वाद से अब तक के शिक्षकों की फोटोज लगाई गई हैं। इस मौके पर डीन विज्ञान संकाय प्रो. विभूति राय, विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

'भारत की आचार्य प्रथा श्रेष्ठतम शिक्षण परंपरा': 'गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़े खोट, अंतर हाथ सहार दै, वाहर-वाहै चोट...' कवीरदास की यह पंक्तियां पद्मश्री विद्याविंदु सिंह ने शिक्षक दिवस के मौके पर एलयू के एपी सेन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। एवीवीपी लखनऊ महानगर के कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने कहा कि एक समाज कैसा होगा, यह वहां के शिक्षकों पर निर्भर करता है। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज और महानगर मंत्री अभिनव सिंह की मौजूदगी में डॉ. सीना भारद्वाज, डॉ. हेमचंद पालीवाल, कुसुम वर्मा, भगत सिंह सहित 150 शिक्षकों का सम्मान हुआ।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू का दिल हैं शिक्षक: आलोक राय

लखनऊ। शिक्षक दिवस पर एलयू के अलग-अलग विभागों सहित संबद्ध कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। एलयू इंजीनियरिंग संकाय के विश्वकर्मा सभागार में कुलपति प्रो. आलोक राय ने देवी मां शारदे को याद किया। रसायन विज्ञान विभाग में कुलपति ने 101 संकाय सदस्यों की तस्वीरों के संग्रह का अनावरण किया। कुलपति ने कहा कि हमारे संकाय सदस्य हमारे संस्थान का दिल हैं और हमें इस पोर्ट्रेट प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्हें सम्मानित करने पर गर्व है। यहां अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. विभूति राय, विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

केकेसी, कालीचरण में शिक्षक सम्मानित: केकेसी में शिक्षक अभिनंदन समारोह में प्रबंध समिति अध्यक्ष वीएन मिश्र ने प्रो. विवेक सिंह, प्रो. सुमित्रा मौर्या, डॉ. मोहम्मद आरिफ को रिसर्च, डेवलपमेंट के लिए सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. विनोद ने बताया कि केकेसी के इतिहास में पहली बार शिक्षकों का सम्मान किया गया है। कालीचरण प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि केनरा बैंक की ओर से कॉलेज के 60 शिक्षकों का सम्मान किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पीजी कॉलेज में शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का सम्मान हुआ। प्रो. रश्मि बिश्नोई, प्रो. शरद कुमार वैश्य, प्रो. शिवानी श्रीवास्तव आदि रहे।

डॉ. रितु जैन को 51 हजार रुपए का चेक

नेशनल कॉलेज में सीवी गुप्ता नेशनल श्रीसम्मान-2023 से भूगोल विभाग की डॉ. रितु जैन को नवाजा गया। उन्हें 51 हजार रुपये चेक, प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षक को बिना पक्षपात शिक्षित करना चाहिए।

भाषा विवि में शिक्षकों से कुलपति का आह्वान

भाषा विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग ने शिक्षक दिवस मनाया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि शिक्षकों को मिलकर विश्वविद्यालय को बढ़ाना चाहिए। उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था बज्मे अदब ने भी शिक्षक दिवस मनाया।

JAGRAN CITY PAGE III

'विद्यार्थी के जीवन को ज्योतिर्मय बनाता है शिक्षक'

विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षक दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन, अध्यापकों को किया गया सम्मानित

जासं, लखनऊ : 'मात-पित के बाद शिक्षक ही है जो अपना ज्ञान, मार्गदर्शन और अनुभव देकर विद्यार्थी के जीवनरूपी पथ को ज्योतिर्मय बनता है। शिक्षक ही अपने ज्ञान और विचारों से चंद्रगुप्त जैसे सामान्य युवक को राष्ट्रनायक बना देता है। शिक्षक राष्ट्रनिर्माण का प्रमुख मिस्त्री होता है।' विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के डायरेक्टर प्रो. सतीश चंद्र ने रखे। यह वात वे जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में सोमवार को आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर सभी गुरुजनों को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय परिसर के डायरेक्टर प्रो. चौडी सिंह, प्रेक्टर प्रो. मोहम्मद आरम्द व अन्य शिक्षक के साथ कमेटी के प्रेसिडेंट डा. उग्रसेन वर्मा उपस्थित रहे।

वसीरों के संग्रह का हुआ अनावरण : शिक्षक दिवस पर लवि के दूसरे परिसर में रसायन विज्ञान विभाग की ओर से तैयार किए गए अपने शिक्षकों की तस्वीरों के आकर्षक संग्रह का अनावरण कुलपति ने किया। इसमें 101 संकाय सदस्यों की तस्वीरें शामिल हैं। इसके वाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में तस्वीरें भेंट कीं। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर विभूति राय, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा, प्रो. अभिनव, डा. अमृता श्रीवास्तव व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

लवि के द्वितीय परिसर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय व वीसीजा है ली

प्रो. संगीता साहू बनीं नई डीएसडब्ल्यू

लखनऊ : लवि ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) पद की जिम्मेदारी अब बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रोफेसर संगीता साहू को सौंप दी है। प्रो. संगीता को तीन साल या अग्रिम आदेशों तक डीएसडब्ल्यू बनाए जाने का आदेश कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने जारी कर दिया। (जासं)



संगीता साहू

पहला सीट आवंटन जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीपीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पहला सीट आवंटन मंगलवार को जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी अपनी लागइन पर इसे देख सकते हैं। सीट पाने वालों को सात सितंबर तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है।

मौखिक परीक्षा 11 से

लखनऊ : लवि में एमए हिंदी चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की मौखिक परीक्षा 11 व 12 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से हिंदी विभाग में होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रश्मि कुमार ने यह जानकारी दी। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रोफेसर संगीता साहू बनीं डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर संगीता साहू को डीन स्टूडेंटस वेलफेयर नियुक्त किया है। इस आशय का आदेश कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने जारी किया है। हालांकि 4 सितंबर को कुलसचिव ने आदेश जारी कर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी को डीन स्टूडेंटस वेलफेयर नियुक्त किया था। 24 घंटों के भीतर आदेश बदले जाने को लेकर विश्वविद्यालय में दिनभर मामला चर्चा में बना रहा।

एमए के विद्यार्थियों के प्रपत्रों का सत्यापन 11 को

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रपत्रों का सत्यापन 11 और 12 को सुबह दस बजे से होगा। दूसरी ओर एमए हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की मौखिक परीक्षा 11 और 12 को सुबह साढ़े दस बजे से होगी।

रसायन विज्ञान विभाग बन सकता है लविवि का चेहरा : आलोक राय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि रसायन विभाग की ताकत शिक्षण बिरादरी और बौद्धिक बुनियादी ढांचा है। रसायन विज्ञान विभाग न केवल संकाय बल्कि विश्वविद्यालय का चेहरा बन सकता है।

लविवि में शिक्षक दिवस के अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग ने विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से इसके सभी संकाय सदस्यों को प्रदर्शित करने वाली तस्वीरों के आकर्षक संग्रह बनवाया था। जिसका अनावरण कुलपति ने किया। विभाग का हिस्सा रहे 101 संकाय सदस्यों की इसमें तस्वीर है। रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विज्ञान संकाय के डीन प्रो. विभूति राय ने कहा कि ऐसे अवसर न केवल सेवानिवृत्त शिक्षकों से मिलने का अवसर प्रदान करते हैं बल्कि उनसे ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है।

लविवि में शिक्षक दिवस के मौके पर मौजूद कुलपति आलोक राय व अन्य।

इस दौरान प्रो. अभिनव कुमार, डॉ. अमृता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर जानकी पुरम स्थिति लविवि के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में आज विश्वविद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता एव श्रद्धा व्यक्त करने के लिए शिक्षक दिवस मनाया एव गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान द्वितीय परिसर के कैंपस डायरेक्टर एवं विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह, प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद अहमद, प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, प्रो. विनीता काचर, प्रो. एके सिंह आदि मौजूद रहे।

PIONEER PAGE 3

संस्थान के दिल होते हैं शिक्षक: प्रो. आलोक कुमार राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में आज विश्वविद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता एव श्रद्धा व्यक्त करने के लिए शिक्षक दिवस मनाया एव गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदे का स्मरण करते हुए दीप दीप.प्रज्वलित किया एव अपने उद्वोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एव कृतित्व के बारे में चर्चा की, जिनके जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। स्पोर्ट्स एव कल्चरल कमेटी के डायरेक्टर प्रो सतीश चंद्र ने कहा कि शिक्षकों और छात्रों का सम्बंध बहुत ही पावन होता है। एक शिक्षक ही है जो अपने ज्ञान और विचारों से चंद्रगुप्त जैसे सामान्य युवक को राष्ट्रनायक बना देता है। वहीं मुख्य परिसर में रसायन विज्ञान विभाग की तरफ से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा रसायन विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से इसके सभी संकाय सदस्यों को प्रदर्शित करने वाली तस्वीरों के एक आकर्षक संग्रह के अनावरण के साथ हुई। यह तस्वीर 6 फुट गुणा 12 फुट माप की थी जिसमें 101 संकाय सदस्यों की तस्वीरें थीं जो विभाग का हिस्सा रहे हैं और विभाग के प्रवेश द्वार पर लगी हुई हैं। फोटो के अनावरण के बाद रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने अपने संबोधन में विभाग में हाल के विकास और शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को अवगत कराया और कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विज्ञान संकाय के डीन प्रो विभूति राय ने अपने संबोधन में प्रो अनिल मिश्रा और संकाय सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे अवसर न केवल सेवानिवृत्त शिक्षकों से मिलने का अवसर प्रदान करते हैं बल्कि उनसे ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है। कुलपति ने सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में तस्वीरें भेंट कीं और अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख के प्रयासों की सराहना की और सभी का इतना भव्य कोलाज तैयार करने के उनके अनूठे विचार की सराहना की।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में मंगलवार को विश्वविद्यालय के छात्रों ने शिक्षक दिवस मनाया एवं गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी गुरुजनों को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उद्बोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में चर्चा की, जिनके जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर द्वितीय परिसर के कैम्पस डायरेक्टर एव विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह, प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद अहमद, द्वितीय परिसर स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस की हेड प्रो. विनीता काचर, इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह, योग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक सोनकर सहित अन्य गणमान्य प्रोफेसर सभागार में मौजूद रहे एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। लविवि स्पोर्ट्स एव कल्चरल कमेटी के डायरेक्टर प्रो. सतीश चंद्र ने कहा कि शिक्षकों और छात्रों का सम्बंध बहुत ही पावन होता है। एक शिक्षक ही है जो अपने ज्ञान और विचारों से चंद्रगुप्त जैसे सामान्य युवक को राष्ट्रनायक बना देता है। एक शिक्षक राष्ट्रनिर्माण का प्रमुख मिस्त्री होता है। कमेटी के प्रेसिडेंट डा. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि कन्वेनर अमन वर्मा एव अन्य छात्रों के सहयोग से यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

LOKSATYA PAGE 2

शिक्षक दिवस पर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद

एलयू और बीबीएयू में स्टूडेंट्स ने पेश किये भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के सेकेंड कैम्पस के विश्वकर्मा सभागार में विश्वविद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता एव श्रद्धा व्यक्त करने के लिए शिक्षक दिवस मनाया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एव कृतित्व के बारे में चर्चा की। विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह,प्रोक्टर प्रो. मोहम्मद अहमद, द्वितीय परिसर स्पोर्ट्स इन्चार्ज प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइस की हेड प्रो. विनीता काचर, इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह, योग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक सोनकर सहित अन्य मौजूद थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एव कल्चरल कमेटी के डायरेक्टर प्रो सतीश चंद्र ने कहा कि शिक्षकों और छात्रों का सम्बंध बहुत ही पावन होता है। गुरुजनों को एक स्मृतिचिन्ह 'मोमेंटो' भेंट कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी भाग लिया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रसायन विज्ञान विभाग की स्थापना के बाद से इसके सभी संकाय सदस्यों को प्रदर्शित करने वाली तस्वीरों के एक आकर्षक संग्रह के अनावरण किया। विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने अपने संबोधन में विभाग में हाल के विकास और शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को अवगत कराया और कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संकाय सदस्यों की तस्वीरों का अनावरण उनका सपना था क्योंकि उनका व्यक्तिगत रूप से मानना है कि जिन संकाय सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता और कठोरता के साथ इस विभाग की सेवा की, उन्हें इस संग्रह द्वारा याद किया जा सकता है।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 7

शिक्षण के प्रति शिक्षकों का जुनून प्रेरणादायक : प्रो. आलोक

लखनऊ (एसएनबी)। रसायन विज्ञान विभाग ने शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तस्वीरों के एक आकर्षक संग्रह के अनावरण के साथ हुई। यह तस्वीर 6 फुट गुणा 12 फुट माप की थी, जिसमें 101 संकाय सदस्यों की तस्वीरें थीं, जो विभाग का हिस्सा रहे है और विभाग के प्रवेश द्वार पर लगी हुई है।

फोटो के अनावरण के बाद रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभाग अनुसंधान विद्वान मंच, पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला और विशेष अतिथि व्याख्यान जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर रहा है। सभी संकाय सदस्यों की तस्वीरों का अनावरण उनका सपना था क्योंकि उनका व्यक्तिगत रूप से मानना है कि जिन संकाय सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता और कठोरता के साथ इस विभाग की सेवा की, उन्हें इस संग्रह द्वारा याद किया जा सकता है।

विज्ञान संकाय के डीन प्रो विभूति राय ने अपने संबोधन में प्रो अनिल मिश्रा और संकाय सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे अवसर न केवल सेवानिवृत्त शिक्षकों से मिलने का अवसर देते है बल्कि उनसे ज्ञान और अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलता है।

कुलपति ने सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में तस्वीरें भेंट कीं और अपने अध्यक्षीय भाषण में, उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख के प्रयासों की सराहना की और सभी का इतना भव्य कोलाज तैयार करने के उनके अनूठे विचार की सराहना की। रसायन विज्ञान विभाग की स्थापना के समय से ही इसके संकाय सदस्य। उन्होंने कहा कि हमारे संकाय सदस्य हमारे संस्थान का दिल है और हमें इस पोर्ट्रेट प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्हें सम्मानित करने पर गर्व है। शिक्षण और अनसंधान के प्रति उनका जनून वास्तव में प्रेरणादायक है, और ये चित्र उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के दृश्य प्रतिनिधित्व के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विभाग की मुख्य ताकत इसकी शिक्षण बिरादरी के रूप में इसका बौद्धिक बुनियादी ढांचा है और इसलिए यह विभाग न केवल संकाय का चेहरा है बल्कि यह इस विश्वविद्यालय का चेहरा बन सकता है।

शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए रसायन शास्त्र विभाग के पूर्व शिक्षक

उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं.-09/अ.अ.(जा.) ई/श.भ.वि./ल./2023-24 अधोहस्ताक्षरी द्वारा शक्ति भवन (मु.) में विविध जानपदीय कार्य की निविदा दिनांक 14.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12.00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता हैं। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई, उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि. 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** "राष्ट्रहित में बिजली बचाएं" पत्रांक : 1898 दिनांक: 05.09.2023